# SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi – 110035
Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Grurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com CIN: L26912DL1991PLC045449
Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.–011-28315044/ 0124-2719100

==========================================================

To, **Date: 09th November, 2023**

**The Manager- Listing**
**BSE Limited**
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street, Mumbai- 400 001

**Sub: Submission of copies of newspapers cutting in which Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended 30th September 2023 were published.**
**[Scrip Code: 530265]**

Dear Sir,

Please find attached herewith copies of newspapers cutting (Financial Express and Haribhoomi) in which Unaudited Financial Results for the quarter/half year ended on 30th September, 2023 were published.

Request you to take the same on your records.

**Thanking You,**
**Yours faithfully,**

**For Sainik Finance & Industries Limited**

PIYUSH GARG Digitally signed by PIYUSH GARG Date: 2023.11.09 11:01:20 +05'30'

**Piyush Garg**
**Company Secretary &**
**Compliance Officer**

Encl.: As above

## खबर संक्षेप

### चार बदमाश गिरफ्तार राइफल व छुरे बरामद




**गाजियाबाद।** दिल्ली-यूपी बॉर्डर से सटी बंगाली कालोनी में उस समय सनसनी फैल गयी जब दो गैंगेस्टर के बीच फायरिंग हो गयी। लगातार गोलियों की आवाज़ सुनकर वहां अफरातफरी मच गई। सूचना मिलने पर थाना शालीमार गार्डन पुलिस मौके पर पहुंची और चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से दो पोनी रायफल, एक छुरा, बांस का डंडा व कारतूस बरामद हुए।

### टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत




**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया में केएमपी के निकट तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई। हादसे को अंजाम देकर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और वाहन चालक पर केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस राजस्थान के झुंझनू निवासी धर्मेश कुमार ने शिकायत की है।

### गन प्वाईंट पर बदमाशों ने कार लूटी



**गुरुग्राम।** बादशाहपुर थाना एरिया में एसपीआर रोड पर बाइक सवार बदमाशों ने गन प्वाईंट पर वर्कशॉप संचालक से गाड़ी लूट ली। पीड़ित देर रात को सडक़ किनारे गाड़ी में बैठकर चाय पी रहा था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में रेवाड़ी के सत्यकिरण राव ने कहा कि उसकी व्हील पोवा सर्विस के नाम से वर्कशॉप है।

### पासवर्ड पूछकर चुराया मोबाइल, निकाले नगद



**गुरुग्राम।** दो युवकों ने यूपीआई फोनपे का पासवर्ड और सिम चोरी कर एक चाऊमीन विक्रेता के खाते से 48 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को धर दबोचा। यूपी के जिला औरेया निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेगमपुर खटोला गांव में किराये पर रहकर चाऊमीन की रेहड़ी लगाता है।

### सुरक्षाकर्मियों और डॉक्टर के बीच मारपीट



**गाजियाबाद।** कवि कुमार विश्वास एक नए विवाद में घिर गए हैं। उनके सुरक्षाकर्मियों पर एक डॉक्टर ने मारपीट का गंभीर आरोप लगाया है। इस घटना को लेकर कुमार विश्वास ने खुद एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। सुरक्षाकर्मियों से हुई मारपीट के बाद डॉक्टर का वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक कार के अंदर डॉक्टर बैठे हैं और उनके चेहरे से खून बहता हुआ दिख रहा है।

### इंदिरापुरम में बैंक से साढ़े नौ लाख की लूट



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम में लूट की वारदात से पूरे इलाके में सनसनी मच गई। पेट्रोल पंप के कैशियर अजब सिंह ने बताया कि वह हर दिन कि तरह मंगल चौक स्थित एसबीआई शाखा में मंगलावर दोपहर 12 बजे अपने सेल्स सहायक दीपक कुमार के साथ बाइक से केश जमा करने गए थे। अजब सिंह बैग में रखे 9,56,850 रुपये गोदी में लेकर बाइक पर पीछे बैठे थे। शाखा के बाहर बाइक रुकते ही आपचे बाइक सवार दो लोग आए और अजब के हाथ से बैग झपटकर कर ले गए।

## वायु प्रदूषण को गंभीरता से ले केंद्र व राज्य सरकारः पूर्व मंत्री करण

### वायु प्रदूषण को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

स्मार्ट सिटी में निरंतर बिगड़ते वायु प्रदूषण के विरोध में फरीदाबाद जिले के कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के नेतृत्व में सेक्टर-12 लघु सचिवालय पर एकत्रित होकर एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन करते हुए एसडीएम परमजीत सिंह चहल के माध्यम से जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और वायु प्रदूषण के खिलाफ अपना रोष जाहिर किया। पूर्वमंत्री करण दलाल ने कहा कि एनसीआर सहित फरीदाबाद में वायु की गुणवत्ता निरंतर जहरीली हो रही है, जो कि चिंता का विषय है।




वायु प्रदूषण के विरोध में पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल के नेतृत्व में एसडीएम परमजीत सिंह चहल को ज्ञापन सौंपते हुए।

### शहर का एक्यूआई 400 के पार पहुंचा

दलाल ने कहा कि हर वर्ष वायु प्रदूषण का होना सरकार व प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता हैए प्रशासन व सरकार ने पहले से कोई भी तैयारी नहीं की, जिसके चलते आज शहर की हवा पूरी तरह से दूषित हो चुकी है। श्री दलाल ने कहा कि दो माह पहले इस मामले में एक्शन लिया जाना चाहिए था, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते इंडस्ट्रीज में प्रदूषण हो रहा है, जनरेटर, बसें, ट्रक और क्रेशर चल रहे है और यह सब भाजपाईयों के दबाब में हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को जनता के स्वास्थ्य की कतई चिंता नहीं है, शहर का एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, लोग सांस, दमा, आंखों की एलर्जी जैसे तकलीफों से गुजर रहे है, लेकिन प्रशासन व सरकार बहुत देरी से चेती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दीवाली का त्यौहार है, ऐसे में पटाखे व आतिशबाजी के चलते यह वायु प्रदूषण और बढ़ेगा, ऐसे में सरकार व प्रशासन को इस पर सख्त से सख्त कदम उठाने चाहिए। दलाल ने कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद करता रहेगा।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित योगेश गौड़, प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़, लोकसभा प्रेसीडेंट यूथ कांग्रेस रिंकू चंदीला, गिरीश भारद्वाज, पूर्व पार्षद एवं कांग्रेसी नेता जगन डागर, पूर्व पार्षद रोहित सिंगला, अनिल शर्मा, प्रवक्ता जितेंद्र चंदेलिया, ललित बंसल, वेदपाल दायमा, कांग्रेसी नेता संजय सोलंकी, दीप करण दलाल, उदयदीप करण दलाल, बीरपाल बड़ौली, मनधीर मान, देवेंद्र चौधरी, राजेश आर्य, कृष्ण अत्री, विजय कौशिक, डा. सौरभ शर्मा, संचित कोहली, राजू धारीवाल, धर्मेन्द्र लाम्बा, राजेंद्र भामला, श्रवण माहेश्वरी, बिजेंद्र मावी, महिला कांग्रेस नेत्री गजना कालीरमन, अनीशपाल, टीपी भारद्वाज, भोला शर्मा, वरुण बंसल आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### हरियाणा के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा-

# कार्यकर्ताओं के दम पर बनाएंगे तीसरी बार मोदी मनोहर सरकार

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तीसरी बार मनोहर सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इस बार 75 पार तीसरी बार मनोहर सरकार।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने फरीदाबाद में बुधवार को अपने नागरिक अभिनंदन समारोह में फिर से 75 पार का नारा दिया है, साथ ही उन्होंने तीसरी बार मनोहर सरकार बनने का भी दावा किया है। उन्होंने कहा है कि इस बार 75 पार तीसरी बार मनोहर सरकार।

फरीदाबाद की मिलन वाटिका में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली, विधायक सीमा त्रिखा, नरेन्द्र गुप्ता राजेश नागर, जिला प्रभारी मनीष यादव, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सलाहकार अजय गौड़, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, डा. आरएन सिंह, पूर्व विधायक जनप्रतिनिधि पार्षद, जिला प्रदेश मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, बूथ व पन्ना प्रमुख तक के कार्यकर्ता, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारियों तथा समाज के वरिष्ठ बुद्धिजीवियों व गणमान्य व्यक्तियों ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का बैंड बाजों, ढोल-नगाड़ों से भव्य स्वागत किया।

**खास बातें**

- गरीबों का किया जा रहा निशुल्क इलाज
- कल्याणकारी योजनाओं का अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे
- केंद्र की योजनाओं का लाभ लें



### सीएम गरीबों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ रहे

प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में गरीब व्यक्ति पैसा ना होने के कारण ईलाज कराने के लिए तरसता था। चुनाव के समय गरीबी हटाओं का नारा देकर कांग्रेस गरीबों से वोट लेकर उनको भूल जाती थी। लेकिन 2014 के बाद मोदी-मनोहर सरकार ने गरीबों की स्थिति को समझा। उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार में गरीबों को इलाज कराने की चिंता नहीं। देश और प्रदेश में गरीबों का 5 लाख रुपये तक फ्री इलाज हो रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीब लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मजबूती से काम कर रहे हैं।

प्रदेश अध्यक्ष श्री सैनी ने कहा कि हरियाणा में बिना पर्ची और खर्ची के सरकारी नौकरी मिल रही है। हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अनुसरण दूसरे राज्य भी कर रहे हैं, जिस पर हमें गर्व है। श्री सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार से अगर 100 रुपये गरीबों के लिए आते हैं तो मुख्यमंत्री मनोहर लाल उसे सवा सौ करके गरीबों तक भेजते हैं। हरियाणा में मनोहर सरकार सभी वर्गों के हितों के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने जनधन खाता खोलकर गरीब लोगों को बैंकों से जोड़ा, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा का लाभ जनता ले रही है।

### भाजपा ने दलितों के लिए किया काम

*मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए नायब सैनी ने कहा कि 9 सालों में भाजपा सरकार ने गरीबों, दलितों, शोषितों के लिए काम किए हैं। आज दूर दराज बैठे हुए गरीब लोगों तक सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। श्री सैनी ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने गरीब व्यक्ति के सम्मान को उंचा करने का काम किया है।*

### साइबर अपराध के संबंध में किया जागरूक

## लिंक भेजकर साइबर ठग कर रहे हैं ठगी, सावधान रहने की जरूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

ट्रैफिक थाना प्रबंधक सतीश कुमार व उनकी टीम ने गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा में यातायात नियम और साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूक किया है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य रविन्द्र कुमार, परजीतेन्द्र, ललित भारद्वाज, रविन्द्र कुमार, संजीव जोशी, रामकरण के साथ स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात थाना प्रबंधक ने अपनी टीम के साथ सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों व साईबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गवर्नमेंट गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किया गया। विद्यार्थियों को पुलिस टीम के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि रोड़ पर सावधानी से चलाना चाहिए नहीं तो सावधानी हटी दुर्घटना घटी। अपने बचाव में ही सबका बचाव है।

उन्होंने विद्यार्थियों को ट्रैफिक संबंधित कानूनी जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताएं। अपने वाहन को हमेशा धीमी गति और अपनी तय सीमा में ही चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल और एयरफोन का इस्तेमाल न करे नही वाहन चलाते समय ऊंची आवाज में संगीत बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं सावधानी बरतें इससे अपने बचाव के साथ साथ दूसरे का भी बचाव होता है। रात के समय अंधेरा होता है इसलिए इंडिकेटर और अपनी गाड़ी के ऊपर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगानी चाहिए। जिससे की सड़क दुर्घटना न हो और यात्रा भी सुरक्षित हो। दुपहिया वाहन चालक को हेलमेट अवश्य लगाना चाहिए। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। उन्होंने कहा कि यह बाते अपने पास न रखकर विद्यार्थी अपने परिवारवालों तथा अपने सम्पर्क में आने वालों को बता कर प्रेरित करे।

उन्होंने सड़क दुर्घटना होने वाले नुकसान के संबंध में सरकारी की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने दुर्घटना होने पर नंबर 112 तथा साईबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराए। इस नम्बर पर साइबर क्राइम से संबंधित अपनी शिकायत दे सकते है। ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ व्यक्ति जैसे ही हेल्पलाइन नम्बर पर शिकायत देता है। फ्रॉड की जानकारी के आधार पर जिस एकाउंट में पैसे गए है। साइबर क्राइम डेस्क द्वारा उस एकाउंट को फ्रीज कर दिया जाएगा।

### 48 किलोग्राम पटाखों सहित आरोपी को पुलिस टीम ने किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना एनआईटी प्रभारी सुशीला की टीम के द्वारा अवैध पटाखों को सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मनीष कुमार उर्फ कन्हैया फरीदाबाद की एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना एनआईटी के एरिया में परचून की दुकान से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 48.640 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए है।

## क्रेटा लूटने की वारदात में शामिल दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बीते 30 अक्टूबर को पाखल, सोहना रोड पर हथियार के बल पर गाडी क्रेटा लूटने की वारदात को चार आरोपियों ने अंजाम दिया था। वारदात के संबंध में शिकायत मिलने पर थाना धौज में लूट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा लूट के मामले में तुरंत कार्रवाई के दिए गए दिशा-निर्देश एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने लूट के मामले में 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है।

एसीपी क्राइम अमन यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी आशू और विशाल उर्फ विष्णु का नाम शामिल है। दोनों आरोपी डबुआ-गाजीपुर के उत्तम नगर के रहने वाले है। शिकायतकर्ता रविन्द्र जैन ने बताया कि ड्राइवर मुकेश क्रेटा कार को चार लडक़ों के द्वारा सिर पर पिस्टल लगाकर गाड़ी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसका मुकदमा थाना धौज में दर्ज किया गया है। क्राइम ब्रांच के द्वारा कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी व तकनीक से आरोपियों की पहचान की गई। विशाल उर्फ विष्णु व आशू को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी विशाल कुछ दूरी पर मोटरसाइकिल को लेकर खड़ा हो गया और आरोपी आशू व अन्य आरोपी के द्वारा क्रेटा गाडी के पास पहुंचे जिसके अन्दर ड्राइवर से पिस्टल के बल पर क्रेटा गाडी को लूट कर मौका से भाग गए। आरोपियों से देशी पिस्टल व रौंद और क्रेटा गाडी को बरामद किया गया है।



### अवैध नशा तस्करी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेंद्र कुमार की टीम ने अवैध नशा तस्करी मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियो में मोहित, प्रांजल और शिवकेश का नाम शामिल है। गिरफ्तार तीनों आरोपी उत्तर प्रदेश के शहाजहांपुर के रहने वाले है। आरोपियो को क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से आरोपी मोहित और प्रांजल को सेक्टर-3 एरिया से काबू किया है। आरोपियो से तलाशी लेने पर 1 किलो 960 ग्राम चरस बरामद किया गया है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर बल्लबगढ़ में अवैध नशा तस्करी की धाराओं मामला दर्ज कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चरस को अपने शिवकेश से मंगाया था। जिसके लिए आरोपी ने 20 हजार रुपए की बात हुई थी। जिसके लिए 1000 रूपए दिए थे। आरोपी शिवकेश को बीपीटीपी सेक्टर.77 फ्लेट से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शिवकेश अपने गांव में रेहडी लगना का काम करता है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | सुनारियां कलां, वार्ड नं. 22, एम.सी. रोहतक में मेहतान पाना चौपाल का निर्माण। | 07.11.2023 04.12.2023 | 63.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/22521/I/88/7 दि. 08.11.23



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**

बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

पूर्ववर्ती घोषणा दिनांक 21.09.2023 के आंशिक रूपांतरण में, आयोग ने विषय ज्ञान परीक्षा की तिथि निम्नानुसार पुनः निर्धारित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | पूर्ववर्ती तिथि | संशोधित कार्यक्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ईएसआई हैल्थ केयर एवं श्रम विभाग, हरियाणा में चिकित्सा अधिकारी, ग्रुप-ए (एचसीएमएस-I) | 01/2023 | 19.11.2023 (प्रातःकालीन सत्र) | 10.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र) |

21.09.2023 को पहले ही जारी की गई घोषणा अपरिवर्तित रहेगी और उसको उपरोक्त अनुसार संशोधित किया हुआ माना जाए।

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

दिनांक : 08.11.2023
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/212/2024/22526/88/7 दि. 08.11.23



**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धि पत्र**

संदर्भः- i) निविदा सूचना संख्या 64 / 2023-2024 दिनांक 27 / 10 / 2023 क्रमांक 04
ii) निविदा संख्या 07231972E 04 / 01 / 2024 को देय है।

उपरोक्त निविदा के संदर्भ में, निविदा संख्या 07231972E खोलने की नियत तिथि 04 / 01 / 2024 से 04 / 12 / 2023 तक प्रीपॉन् कर दी गई है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है, 3498/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

Regd. off : 129 Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi-110035, Ph.: 011-28315036 Fax : 011-28315044
Corp. Off : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall, NH-8, Gurgaon (Haryana)-122001, Ph. 0124-2719000, Fax : 0124-2719100
CIN: L26912DL1991PLC045449, Website : www.sainikfinance.com, Email : info@sainik.org, legal.secretarial@sainikmining.com

Extract of Statement of Standalone Financial Results of the Company for the quarter/half year ended on 30 September 2023 (Rs. in Lakhs)

| Sl. | Particulars | 3 months ended (Unaudited) | 3 months ended (Unaudited) | Corresponding 3 months ended in the previous year (Unaudited) | 6 months ended (Unaudited) | Corresponding 6 months ended in the previous year (Unaudited) | Year to date figures for current year ended (Audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 30.09.2023 | 30.06.2023 | 30.09.2022 | 30.09.2023 | 30.09.2022 | 31.03.2023 |
| 1 | Total Income from operations | 405.62 | 380.30 | 492.36 | 785.92 | 913.32 | 1,824.19 |
| 2 | Net Profit/(Loss) for the period (before tax, exceptional and/or Extraordinary Items) | 158.86 | 96.57 | 108.51 | 255.43 | (35.20) | 233.83 |
| 3 | Net Profit/(Loss) for the period before tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 158.86 | 96.57 | 108.51 | 255.43 | (35.20) | 233.83 |
| 4 | Net Profit/(Loss) for the period after tax (after exceptional and/or Extraordinary Items) | 118.88 | 72.26 | 107.29 | 191.14 | (258.48) | (8.75) |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 118.88 | 72.26 | 107.29 | 191.14 | (258.48) | (15.94) |
| 6 | Equity Share Capital (face value of the share : Rs.10 each) | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 | 1,088.00 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserve ) as per previous financial year | - | - | - | | | 2,452.56 |
| 8 | Earning per share (of Rs.10/- each) (for continuing and discontinued operations) 1. Basic : 2. Diluted : | 1.09 1.09 | 0.66 0.66 | 0.99 0.99 | 1.76 1.76 | (2.38) (2.38) | (0.08) (0.08) |

Notes:-

1. The above is an extract of the detailed format of quarterly Financial Result for the quarter/half year ended 30 September 2023 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the quarterly/half yearly financial results are available on the websites of the Stock Exchanges i.e. www.bseindia.com and also on the Company's website www.sainikfinance.com
2. The detailed financial results and this extract were reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 08 November 2023. The auditors have carried out Limited Review of the financial results, as required under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015.

By order of the Board
For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Rudra Sen Sindhu
Director
(DIN-00006999)

Place: Gurugram (Haryana)
Date: 08 November, 2023